आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–18 अगस्त 2024 सान्ध्य समाचार

प्रदेश के बुलंदशहर जिले के सलेमपुर थानाक्षेत्र में एक यात्री बस और पिक अप गाड़ी के आमने सामने की टक्कर में दस लोगों की मौत हो गई और सैंतीस लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गंभीर रूप से घायल लोगों को मेरठ स्थित मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वहां के जिलाधिकारी सीपी सिंह और एसपी रोहित मिश्र ने घटना स्थल और अस्पताल का दौरा कर बचाव एवं उपचार की व्यवस्था का जायजा लिया।

एक मैक्स पीकप में और बस में सलेमपुर थाने के पास में दुर्घटना घटी है और बहुत ही विभित्स दुर्घटना घटी है और दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना घटी है। लगभग सैंतीस लोग घायल हुए हैं और जिसमें दस लोगों की बहुत ही असामयिक मृत्यु हुई है। बाकी जो सत्ताइस घायल हैं उनका ईलाज कराया जा रहा है। चार लोगों को हम लोगों ने मेडिकल कालेज मेरठ रेफर किया है। मै और पूरी टीम डाक्टरो की टीम एसएसपी साहब सब लोग यहां है और उनका तत्परता से इलाज कराया जा रहा है। दुर्घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण रही।

बुलंदशहर के एसपी रोहित मिश्रा ने बताया कि घटना आज सुबह करीब साढ़े दस बजे के आसपास हुई। दुर्घटना के शिकार लोग गाजियाबाद की एक कंपनी में काम करते हैं और रक्षाबंधन के लिए अपने घर जा रहे थे। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुर्घटना पर गहरा शोक प्रकट करते हुए हरसंभव मदद के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया है। अंतिम समाचार मिलने तक मृतकों की संख्या ग्यारह हो गई थी।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अयोध्या के आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय में वृहद रोजगार मेला और युवा सम्मेलन का शुभारम्भ किया। उन्होंने इस मौके पर तीस करोड़ रुपये लागत की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और अड़तालीस करोड़ रुपये लागत की अलग अलग परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। साथ ही स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत 3415 छात्र छात्राओं को टैबलेट भी वितरित किया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबी उन्मूलन,युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना,अन्नदाता किसानों की समृद्धि और महिलाओं का सशक्तिकरण शासन की प्राथमिकता है। आयोजन के बाद एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को नौकरी व रोजगार मिले, उनका कौशल विकास हो तथा वे तकनीकी दृष्टि से सक्षम बन सकें, इसके लिए डबल इंजन की सरकार द्वारा निरंतर प्रयास हो रहे हैं।

****

स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उपाय सुझाने के प्रयोजन से केंद्र सरकार एक समिति गठित करेगी। सरकार ने रेजिडेंट डॉक्टर्स संघ के संगठन, भारतीय चिकित्सा संघ और स्वास्थ्य संबंधी अन्य पक्षों की चिंता के बाद यह निर्णय लिया है। केंद्र सरकार ने इस विषय पर राज्यों से भी समिति को सुझाव देने का अनुरोध किया है।

इससे पहले शुक्रवार को सरकार ने एक अधिसूचना जारी कर सरकारी अस्पतालों को निर्देश दिया था कि वे स्वास्थ्यकर्मियों के खिलाफ किसी भी प्रकार की हिंसा के मामले में छह घंटे के भीतर प्राथमिकी दर्ज कराएं। कोलकाता के आर. जी. कर मेडिकल कॉलेज में एक डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या मामले के बाद देशभर में हो रहे आंदोलन को देखते हुए सरकार ने यह पहल की है।

इस बीच, भारतीय चिकित्सा संघ – आईएमए ने पश्चिम बंगाल के आर. जी. कर मेडिकल कॉलेज मामलें में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए केंद्रीय कानून लाने की मांग की है। आईएमए ने कहा कि अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था हवाई अड्डे जैसी चाक चौबंद होनी चाहिए।

****

प्रदेश सरकार में उर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने आज मऊ जिले के औद्योगिक पार्क का निरीक्षण किया । उन्होंने बताया कि इस पार्क में करीब पांच सौ औद्योगिक इकाइयां स्थापित होंगी, जिनकी मदद से के लाखों लोग रोजगार से जुड़ सकेंगे। पिछले तीस वर्षों से बंद पड़ी परदहां कॉटन मिल की करीब चौरासी एकड़ भूमि पर यह पार्क प्रस्तावित है।

****

रक्षाबंधन पर इस बार भी आज रात से उन्नतीस अगस्त की रात तक रोडवेज बसों की निःशुल्क सेवाएं महिलाओं को उपलब्ध कराई जायेंगी। इसी क्रम में लखनऊ से छोटे–छोटे शहरों के बीच दो सौ से ज्यादा अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाएगा। क्षेत्रीय प्रबंधक ने सभी सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को इसके लिए दिशा निर्देश जारी कर दिया है।

****

कजरी विधा की प्रसिद्ध लोकगायिका गायिका अजिता श्रीवास्तव का अंतिम संस्कार जिला प्रशासन, कलाकारों और कई अन्य गणमान्य लोगों की मौजूदगी में मिर्जापुर जिले के चौबे घाट पर आज किया गया। उनका कल शाम निधन हो गया था। वह सत्तर वर्ष की थीं और लंबे समय से बीमार चल रही थीं। मिर्जापुर के आर्य कन्या इंटर कॉलेज में शिक्षिका पद से वर्ष दो हजार सत्रह में सेवानिवृत्त हुईं अजिता को कजरी गायन के लिए वर्ष दो हजार बाइस में पद्मश्री पुरस्कार दिया गया था। केंद्र सरकार में मंत्री अनुप्रिया पटेल ने भी मिर्जापुर जिले के आवास विकास स्थित उनके आवास पर कल देर रात पहुंच कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

****